मुख्यमंत्री का कार्यालय

(जनसंपर्क कोषांग)

बिहार सरकार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-232
02/05/2020

मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव एवं अन्य वरीय अधिकारियों के साथ की उच्चस्तरीय समीक्षा

- राज्य के बाहर से आने वाले इच्छुक लोगों को किसी प्रकार की समस्या न हो, यह सुनिश्चित किया जाय

पटना, 02 मई 2020 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने मुख्य सचिव एवं अन्य वरीय अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में कोरोना संक्रमण की रोकथाम को लेकर किये जा रहे उपायों एवं राज्य के बाहर से आने वाले इच्छुक लोगों के संबंध में विस्तृत चर्चा हुयी। समीक्षा के क्रम में मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि लॉकडाउन में देश के अन्य राज्यों में फॅसे जो लोग आज बिहार आये हैं या अभी आने वाले हैं, उन्हें कोई समस्या न हो, इसका पूरा ध्यान रखा जाय।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी राज्यों के साथ आवश्यक समन्वय बनाया जाय ताकि बिहार आने वाले इच्छुक लोगों को कोई समस्या न हो। उन्होंने कहा कि बिहार आने के इच्छुक लोगों के जो फोन कॉल्स आ रहे हैं, उनकी रिसीविंग को लेकर आपदा प्रबंधन विभाग के कंट्रोल रूम में समुचित व्यवस्था हो। उन्होंने कहा कि प्रखण्ड स्तरीय क्वारंटाइन केन्द्रों पर पहुँचे लोगों के भोजन, आवासन एवं चिकित्सकीय सुविधा की समुचित व्यवस्था का ध्यान रखा जाय और उसका अनुश्रवण भी सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि क्वारंटाइन अवधि के पश्चात ग्रामीण क्षेत्रों में गाइडलाइन के अनुरूप अतिरिक्त रोजगार सृजन की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाय। उन्होंने कहा कि बाहर से आये श्रमिकों का स्किल सर्वे कराकर उनके स्किल के आधार पर रोजगार उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाय ताकि उनकी क्षमता का बेहतर उपयोग हो सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना संक्रमण से बचने का सबसे प्रभावी उपाय सोशल डिस्टेंसिंग है। उन्होंने लोगों से अपील की कि लॉकडाउन का पालन करें, घर में रहें और सुरक्षित रहें।

******